30 सितंबर 2023 को एनआईसी ,ओड़ीशा ने शून्य पेंडेंसी दिवस मनाया।

30 सितंबर, 2023 को एनआईसी, ओड़िशा के प्रशासन एवं लेखा अनुभाग ने 2023-2024 वित्तीय वर्ष के लिए अर्धवार्षिक अवधि की ओर शून्य पेंडेंसी दिवस मनाया।

शून्य पेंडेंसी दिवस मनाने के लिए सभी तकनीकी और प्रशासनिक अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई । श्री मानगोविंद सिंह, उप निदेशक एवं डीडीओ के नेतृत्व में एनआईसी अधिकारियों के सभी वित्तीय दावों/बिलों के समय पर समाशोधन/निपटान, विक्रेता भुगतान, आदि के लिए एसआईओ (SIO) ने पूरी टीम को उनके सहयोग के लिए बधाई दी और सराहना की ।

एनआईसी, ओड़िशा में वर्ष 2023-2024 वित्तीय वर्ष के अर्धवार्षिक अवधि के इस शून्य पेंडेंसी को प्राप्त करने में पीएओ, एनआईसी मुख्यालय, बजट योजना अनुभाग, ऑडिट अनुभाग और सभी प्रशासन अनुभागों का सक्रिय मार्गदर्शन और समय पर सलाह की बहुत सराहना की गई। इस वित्तीय वर्ष में 30 सितंबर, 2023 तक 08 सेवानिवृत्त लोगों की पेंशन के लिए पेंशन दस्तावेजों पर कार्रवाई की गई है।

श्री एम.जी. सिंह, डीडी ने बताया कि डॉ. अशोक कुमार होता, एसआईओ, श्रीमती ममता खमारी, कार्यालय प्रमुख डॉ. आशीष कुमार महापात्र, आईएफडी, श्री. विजय कुमार सामल, अध्यक्ष, एलपीसी, श्री. सुधांशु कुमार के कुशल मार्गदर्शन और निरंतर समर्थन में वित्तीय वर्ष 2023-24 को समाप्त छमाही के लिए प्रशासन अनुभाग ने एनआईसी अधिकारियों के वित्तीय दावे/बिल, विक्रेता भुगतान सहित एफएमएस/एएमसी आदि सभी को मंजूरी/निपटान कर दिया है ।

श्री रमेश चन्द्र सेठी, एसएसए ने बताया कि प्रशासन अनुभाग ने एन आई सी ,ओएससी, ओड़िशा एवं एनआईयू से इस अवधि के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले आठ अधिकारियों के भुगतान का निपटान कर लिया है।

शून्य पेंडेंसी सुनिश्चित करने के लिए श्री गंगाधर जेना, डीडी और प्रशासन तथा लेखा अनुभाग के सभी स्टेनो, एसएसए, जेएसए और आउटसोर्स मैनपावर की सराहना की गई।

प्रशासन तथा लेखा अनुभाग के सभी पदाधिकारियों को प्रशंसा फलक से सम्मानित किया गया ।

इस बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने प्रशासन एवं लेखा अनुभाग टीम का तालियों के साथ सम्मान/अभिनंदन किया एवं इस अवसर पर टीम ने अपनी श्रेष्ठ सेवा प्रदान का आश्वासन दिया ।